[ 21/3/2022]

प्रश्न सं. [ क्र. 3692 ]

परिशिष्ट-1 2/1

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport and Highways, Government of India)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई/Project Implementation Unit
ऑफिस: बंगला नं. 2, प्रताप नगर एक्सटेंशन, रतलाम (म.प्र.) पिन-457001.
Office: Bungalow No. 02, Pratap Nagar Extn., Ratlam (M.P.) PIN-457001.
e-mail: ratlamnhai@gmail.com, piuratlam@nhai.org, Tel: 07412-297292

सत्यमेव जयते

**संशोधित**

**भाराराप्रा/ पकाई रतलाम/ विधानसभा/ 2022/3574** **दिनांक 07.03.2022**

**प्रति,**

**क्षेत्रीय अधिकारी-म.प्र.**
**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्गप्राधिकरण,**
**ई-2/167, अरेरा कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.)-462016**

**विषय : विधानसभा प्रश्न क्रमांक :3692 , दिनांक : 28/02/2022**

**संदर्भ: CE, PWD NH Zone, MP email dated 28/02/2022**

**महोदय,**

**उपरोक्त विषयांकित विधानसभा प्रश्न क्रमांक :3692 से चाही गई जानकारी का ड्राफ्ट प्रतिउत्तर निम्नानुसार है:**

| क्र | जानकारी | प्रतिउत्तर |
|---|---|---|
| (क) | प्रदेश में किस जिले में कितने किलोमीटर मुम्बई दिल्ली 8 लेन निर्माणाधीन है तथा 8 लेन पर उतरने तथा चढ़ने के पॉईंट किस किस जिले में किस किस स्थान पर हैं तथा उसकी जिला केन्द्र से दूरी कितनी कितनी है? | दिल्ली मुम्बई 8 लेन मध्य प्रदेश में तीन जिलों मंदसौर, रतलाम एवं झाबुआ से होकर गुजर रहा है जिसकी कुल लम्बाई 243.45 किमी है जिसमें से मंदसौर जिले में कुल लम्बाई 102.4 किमी, रतलाम जिले में कुल लम्बाई 90.10 किमी एवं झाबुआ जिले में कुल लम्बाई 50.95 किमी है<br>दिल्ली मुम्बई 8 लेन पर उतरने तथा चढ़ने हेतु कुल 7 जगहों पर इंटरचेंज का प्रावधान दिया गया है जोकि निम्नानुसार है।<br>1. ग्राम रतनपुरा तहसील भानपुरा जिला मंदसौर (भानपुरा-झालाबाढ़ मार्ग पर) जिला केन्द्र से दूरी लगभग 120 किमी.<br>2. ग्राम गरोठ तहसील गरोठ जिला मंदसौर (उज्जैन-गरोठ मार्ग पर) जिला केन्द्र से दूरी लगभग 86 किमी.<br>3. ग्राम दलावदा तहसील सीतामउ जिला मंदसौर (डग (राजस्थान)-सीतामउ (म.प्र.) मार्ग पर) जिला केन्द्र से दूरी लगभग 40 किमी.<br>4. ग्राम भूतेड़ा तहसील जावरा जिला रतलाम (उज्जैन- जावरा मार्ग पर). जिला केन्द्र से दूरी लगभग 50 किमी.<br>5. ग्राम नयापुरा तहसील रतलाम ग्रामीण जिला रतलाम (महु- नीमच मार्ग पर). जिला केन्द्र से दूरी लगभग 22 किमी.<br>6. ग्राम धामनोद तहसील रतलाम ग्रामीण जिला रतलाम (रतलाम-सैलाना मार्ग पर). जिला केन्द्र से दूरी लगभग 15 किमी.<br>7.ग्राम टिमरवानी तहसील थांदला जिला झाबुआ (थांदला-कुशलगढ़ मार्ग पर). जिला केन्द्र से दूरी लगभग 50 किमी. |
| (ख) | 8 लेन के निर्माण से बरसात के पानी के निकास तथा कृषको के खेत में जाने के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर किस प्रकार किया गया है? | दिल्ली मुम्बई 8 लेन के निर्माण से बरसात के पानी के निकास हेतु साइड ड्रेन का प्रावधान दिया गया है एवं पूर्व में स्थित नदी नाले आदि पर पुलों का निर्माण प्रावधान दिया गया है एवं कृषको के खेत में जाने के रास्ते में आने |

D:\DEVENDRA\ALL LETTERS\PQ REPLY\PQ 3692 REPLY.DOCX

7.3.22

| | | |
|---|---|---|
| | | वाली बाधाओं को दूर करने हेतु VUP, SVUP, अण्डर पास एवं अतिरिक्त बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण किया जा रहा है। |
| (ग) | प्रदेश से गुजरने वाली 8 लेन का नक्शा (ड्राइंग) की प्रति तथा प्रदेश से गुजरने वाले हिस्से की डी.पी.आर. की प्रति देवें तथा बतावें कि केन्द्र सरकार तथा राज्य के सहयोग से किस-किस शहर में 8 लेन के पास औद्योगिक क्षेत्र/पार्क विकसित कितने क्षेत्र में विकसित किया जाना प्रस्तावित है? | दिल्ली मुम्बई 8 लेन का नक्शा (ड्राइंग) की प्रति लिंक के माध्यम से संलग्न है:<br>https://drive.google.com/file/d/1TeazanBc2C6jBS8tty6MS9Eou91O09d8/view?usp=sharing<br><br>औद्योगिक क्षेत्र/पार्क के संबंध में प्रति उत्तर राज्य शासन/ केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाना उचित होगा। |
| (घ) | 8 लेन से जाने के लिये प्रदेश के कौन कौन सी सड़क का उन्नयन तथा विस्तार किस प्रकार किया जायेगा? सम्पूर्ण जानकारी दस्तावेज सहित देवें तथा बतावें कि 8लेन पर टोल बूथ किस-किस स्थान पर प्रदेश में बनाये जायेंगे तथा टोल की दर क्या होगी? | उक्त प्रश्न का उत्तर मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा दिया जाना उचित होगा।<br>दिल्ली-मुम्बई 8 लेन पर टोल बूथ निम्नलिखित स्थानों पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है:<br>1. ग्राम रतनपुरा तहसील भानपुरा जिला मंदसौर (भानपुरा-झालाबाढ़ मार्ग पर).<br>2. ग्राम गरोठ तहसील गरोठ जिला मंदसौर (उज्जैन-गरोठ मार्ग पर)<br>3. ग्राम दलावदा तहसील सीतामउ जिला मंदसौर (डग (राजस्थान)-सीतामउ (म.प्र.) मार्ग पर).<br>4. ग्राम भूतेड़ा तहसील जावरा जिला रतलाम (उज्जैन- जावरा मार्ग पर).<br>5. ग्राम नयापुरा तहसील रतलाम ग्रामीण जिला रतलाम (महु- नीमच मार्ग पर).<br>6. ग्राम थामनोद तहसील रतलाम ग्रामीण जिला रतलाम (रतलाम-सैलाना मार्ग पर).<br>7.ग्राम टिमरवानी तहसील थांदला जिला झाबुआ (थांदला-कुशलगढ़ मार्ग पर).<br><br>टोल की दरों का निर्धारण मुख्यालय दिल्ली द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत किया जावेगा। |
| (ड.) | प्रश्नाधीन 8 लेन के दाये तथा बाये 8 लेन के ठीक पास में कृषकों की सुविधा के लिये क्या सड़क बनान प्रस्तावित है? यदि हॉ तो उसकी चौड़ाई कितनी होगी तथा क्या वह सी.सी. रोड़ या डामर रोड़ होगी? | वर्तमान में उक्त कार्य की स्वीकृति नही है एवं यदि कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे विचार करने हेतु सक्षम प्राधिकारी को भेजा जा सकेगा। |

संलग्न: उपरोक्तानुसार

भवदीय

7.3.22

(रवीन्द्र गुप्ता)
परियोजना निदेशक
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रतलाम

प्रतिलिपि

CE, PWD, NH Zone, MP for information please.